अच्छी शिक्षा से होगी आदिवासियों की प्रगति

पीएम मोदी ने झारखंड को 83,700 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का दिया तोहफा

हजारीबाग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आदिवासी समुदाय तभी प्रगति करेगा जब उसके युवाओं को अच्छी शिक्षा मिलेगी। इसके लिए केंद्र सरकार आदिवासी क्षेत्रों में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय बनाने की दिशा में कड़ी मेहनत कर रही है। झारखंड के हजारीबाग में जनसभा में पीएम मोदी ने कहा कि 40 एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों (ईएमआरएस) का उद्घाटन किया जा रहा है और 25 अन्य ईएमआरएस के लिए आधारशिला रखी गई है। पीएम मोदी ने झारखंड में 83,700 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का अनावरण किया।

पीएम मोदी ने बुधवार को कहा, आदिवासियों के विकास के लिए महात्मा गांधी का दृष्टिकोण हमारी धरोहर है। महात्मा गांधी का मानना था कि भारत तभी विकसित हो सकता है जब आदिवासी समुदाय विकसित होगा। भाजपा सरकार आदिवासी विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और 63,000 आदिवासी गांवों को विकसित करने के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान पर 80,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस योजना से 5 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा। मोदी ने कहा, मुझे खुशी है कि इस योजना की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा की धरती से हो रही है। पीएम आवास योजना के तहत झारखंड के हजारों गरीबों को अपना पक्का घर मिला है। अब लांच की गई ८० हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाएं आदिवासी समाज के कल्याण और उत्थान से जुड़ी हैं। इस मौके पर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम, अन्नपूर्णा देवी और संजय सेठ भी उपस्थित थे। एजेंसी